<u>संदेश</u>

बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर, मैं सभी देश और विदेश-वासियों को, विशेषकर भगवान बुद्ध के अनुयायियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

भगवान बुद्ध ने मानवता को विचारों और कार्यों में श्रेष्ठता की दिशा में प्रेरित किया। अहिंसा, भ्रातृत्व, प्रेम और करुणा का उनका अमर संदेश हमें, सभी के कल्याण के लिए कार्य करने की शक्ति प्रदान करता है।

हमारा संविधान भी भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से प्रेरित है एवं सभी नागरिकों के लिए समता, न्याय एवं स्वतंत्रता पर बल देता है।

आइए, भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अपने मन, वचन और कर्म में समाहित करें तथा विश्व बंधुत्व की राह पर चलें।